ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-11-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-11-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-11-19	2022-11-20	2022-11-21	2022-11-22	2022-11-23
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	30.0	31.0	31.0	31.0	31.0
न्यूनतम तापमान(से.)	13.0	14.0	14.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	32	23	21	21
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	20	13	13	12
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	7.0	10.0	9.0	8.0	7.0
पवन दिशा (डिग्री)	189	95	60	57	57
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 30.0 से 31.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 13.0 से 14.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

गेहूं की राज-4120, एच.डी-2969, के.एल.आर-210, राज-4238, राज-3077, राज-3777, राज-4037, राज-1482, लोक-1 व डब्ल्य.एच-147 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। फसल को अनावृत्त कंडवा रोग से बचाव हेतू बुवाई से पूर्व बीजों को विटावैक्स नामक दवा 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें। जिन खेतों में दीमक का प्रकोप हो तो क्लोरपाईरिफॉंस 20 ईसी 5 लीटर प्रति हैक्टर की दर से पलेवा के साथ दें।

लघु संदेश सलाहकार:

बुवाई के समय गेहूं, जौ, जीरा, ईसबगोल व मैथी के बीज को कार्बनडेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसों की फसल में पेन्टेड बग व आरा मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर रोकथाम हेतु मिथाईल पैराथियान 2 प्रतिशत चूर्ण 20 किलो प्रति हैक्टेयर में भुरकाव करें।
चना	चने में कटवर्म किट की रोकथाम हेतु क्यूनॉलफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 कि.ग्रा. प्रति हेक्टर की दर से भुरकाव करें।
जीरा	जीरे की बुवाई के लिए उपयुक्त समय है। बुवाई हेतु RZ-19, RZ-209, GG-4 व RZ-223 उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12-15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन 15 किलो, फास्फोरस 20 किलो एंव पोटाश 15 किलो उर्वरक प्रति हैक्टेयर की दर से आखिरी जुताई के समय दें।
गाजर	गाजर की फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई गुडाई करें तथा शेष बची नत्रजन की मात्रा 30 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 45 दिन बाद में दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	बदलते मौसम जैसे ठंड के कारण पशुओं को शेड और साफ-सुथरी जगह पर रखना चाहिए। घरेलू मक्खियों और अन्य के संक्रमण से बचने के लिए शेड के आसपास के क्षेत्र को साफ करें।